# कार्यालय : निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/बजट/बी–4/25590/2026–27/Part File (1)          दिनांक :– As in E-Sign

समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी,
माध्यमिक शिक्षा विभाग,
राजस्थान।

विषयः– नव नियुक्त/चयनित कार्मिकों की IFMS 3.0 पर आईडी को Approve करने के संबंध में।

प्रसंगः– शासन के पत्र क्रमांक प.1(69)वित्त/राजस्व/10 जयपुर, दिनांक 10.04.2026

––0––

उपर्युक्त विषयान्तर्गत विभाग में नव नियुक्त कर्मचारियों के वेतन आहरण से पहले उनकी IFMS 3.0 पर आईडी Approve करवाने के लिये संबंधित विद्यालय/कार्यालय द्वारा रिक्वेस्ट आईडी Generate की जाकर विभागाध्यक्ष/निदेशालय को Online Request भिजवाई जाती हैं, जिसका निदेशालय द्वारा उसी दिन निस्तारण कर दिया जाता हैं। इस संबंध में कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु निम्न दिशा–निर्देश जारी किये जाते हैं:–

1. विद्यालय/कार्यालय द्वारा नव नियुक्त कार्मिक की जो रिक्वेस्ट आईडी Generate कर Approve हेतु HOD को भिजवाई जाती हैं, उसके साथ निम्न सभी दस्तावेज आवश्यक रूप से रंगीन एवं स्पष्ट (छायाप्रति मान्य नहीं), पीडीएफ साईज 2 MB में Online Submit की जावें–
(1) आधार कार्ड पूर्ण पते सहित, (2) पेन कार्ड, (3) जन्म तिथि प्रमाण–पत्र, (4) एकल/संयुक्त पासपोर्ट साईज फोटो, (5) विवाह प्रमाण–पत्र (विवाहित होने पर), (6) नियुक्ति आदेश, (7) कार्यग्रहण रिपोर्ट, (8) बैंक पासबुक की मुख्य पृष्ठ की प्रति/कैंसिल चैक की प्रति।

2. शासन के प्रासंगिक पत्रानुसार श्रीमती डॉ. ज्योति बाला व्यास, वित्तीय सलाहकार का पदस्थापन माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर में वित्तीय सलाहकार के रिक्त पद पर किया गया हैं। अतः Online Request, HOD स्तर पर ज्योति बाला व्यास, वित्तीय सलाहकार की ID पर प्राप्त होने के पश्चात् आवश्यक दस्तावेजों का मिलान करने के बाद ID Approve कर दी जायेगी। यदि दस्तावेजों में कोई कमी हैं या स्पष्ट नहीं हैं तो उस ID को Revert/Reject कर दिया जायेगा।

3. इस पत्र के जारी होने की दिनांक से पूर्व यदि किसी नव नियुक्त कर्मचारी की रिक्वेस्ट आईडी Generate करने हेतु संजय धवन/मीना सोनगरा, वित्तीय सलाहकार की आईडी पर भिजवा रखी हो तो, उस रिक्वेस्ट आईडी पर कुछ नहीं किया जाकर अब पुनः एक नई रिक्वेस्ट आईडी Generate करके ज्योति बाला व्यास, वित्तीय सलाहकार की ID पर भिजवाई जानी हैं।

वित्तीय सलाहकार,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Jyoti Bala Vyas
Designation : Chief Accounts Officer
Date: 2026.04.15 12:44:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
21602884
M e-Sign